सार-समाचार

सवाई माधोपुर में गौशाला में सामग्री भेंट की

सवाईमाधोपुर। जिला मुख्यालय के श्री विजयेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट शिव मंदिर बजरिया ओर से खेरदा स्थित नंद बाबा गौशाला में एक कुंटल गुड, एक ट्राली हरा चारा तथा सुखा चारा दान किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष वैध नाथूलाल गौतम, उपाध्यक्ष विनोद कुमार गर्ग, महामंत्री पूरणमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, सहमंत्री गिरधारीलाल शर्मा ट्रस्टी निरंजन सिंहल, प्रहलाद राय गोयल, तेज कुमार कुमावत, ओम प्रकाश मित्तल, शीतलदास, देवेंद्र कुमार, महावीर प्रसाद सिंहल, गिरिराज केदावत, वैध श्री बल्लभ सहित समस्त ट्रस्टी मौजूद रहे।

सांभर की संतोष ने कांस्य पदक जीता

सांभरझील। केरल में आयोजित राष्ट्रीय डेफ चैंपियनशिप में सांभर (तेजा का वास) की रहने वाली संतोष जाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। 28वीं राष्ट्रीय डेफ सीनियर चैंपियनशिप एवं 11वीं राष्ट्रीय डेफ जूनियर और सब-जूनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महिला युगल वर्ग में संतोष ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह कामयाबी हासिल की। बता दें कि पूर्व में भी वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। वर्ष 2026 में चंडीगढ़ में आयोजित 27वीं राष्ट्रीय डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक तथा महिला युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। वहीं वर्ष 2025 में अहमदाबाद में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया था। लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर उन्होंने प्रदेश स्तर तक नाम रोशन किया है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आज से

गंगापुर सिटी, (निसं)। राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 25 नवंबर से परीक्षाएं शुरू होंगी।

राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य के पालीघाट में बीस घड़ियालों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा

सवाई माधोपुर,(निंस)। चम्बल नदी में घड़ियालों के संरक्षण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य के पालीघाट में 20 घड़ियाल हैचलिंग्स को रेडियो वीएचएफ (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी) टैग के साथ प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. अरुण प्रसाद ने हैचलिंग्स को नदी में पुनर्स्थापित किया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एवं क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना शारदा प्रताप सिंह, उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक मानस सिंह, सहायक वन संरक्षक पालीघाट अजय कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. अरुण प्रसाद ने हैचलिंग्स को नदी में पुनर्स्थापित किया।

मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह ने बताया कि घड़ियाल पारिस्थितिकी परियोजना के तहत घड़ियालों के संरक्षण की यह पहल की जा रही है। इस वर्ष तीन चरण में कुल 80 घड़ियालों की टैगिंग कर पुनर्वास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस क्रम में मंगलवार को प्रथम चरण में 20 हैचलिंग्स को छोड़ा गया है। शेष हैचलिंग्स फरवरी माह के अन्त तक चम्बल नदी के प्राकृतिक आवास में छोड़े जाएंगे। इसके बाद रेडियो टेलीमेट्री तकनीक के उपयोग से नदी में इनके विचरण क्षेत्र, गतिविधियों, व्यवहार, प्राकृतिक आवास में अनुकूलन और उत्तरजीविता की निगरानी की जाएगी। इससे घड़ियालों के जीवन-चक्र एवं चम्बल नदी की पारिस्थितिकी को समझने में वैज्ञानिक मदद मिलेगी तथा घड़ियाल संरक्षण के लिए भविष्य में बेहतर कार्ययोजना बनाई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि रेडियो वीएचएफ टैगिंग से घड़ियालों के प्राकृतिक जीवन एवं आवासीय व्यवहार का अध्ययन संभव होगा। इससे चम्बल नदी की जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के संरक्षण संबंधी प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

वैज्ञानिक देखरेख में हैचलिंग्स का पालन-पोषण:- उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि नवजात घड़ियालों को शुरुआती अवस्था में तेज जल प्रवाह, बाढ़, जंगली जानवरों और मछली पकड़ने के जाल जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए पालीघाट स्थित रेयरिंग सेंटर में वैज्ञानिक पद्धित से उनका पालन-पोषण किया गया। हैचलिंग्स को अलग-अलग सुरक्षित केबिन में रखा गया तथा उनके प्राकृतिक व्यवहार को बनाए रखने के लिए जीवित मछलियां भोजन के रूप में दी गई, जिससे हैचलिंग्स के पर्याप्त विकास (75 सेंटीमीटर से अधिक) के बाद उन्हें पुन: प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा रहा है।

आधुनिक सुविधाओं से विकसित हो रहा रेयरिंग सेंटर:- राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के तहत पालीघाट में घड़ियाल रेयरिंग सेंटर को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है। यहां विशेष एनक्लोजर, बास्किंग प्लेटफॉर्म, जल फिल्ट्रेशन एवं पम्पिंग सिस्टम और सीसीटीवी निगरानी जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे शावकों की सुरक्षा, देखरेख और वैज्ञानिक निगरानी को बेहतर बनाया जा सके। वन विभाग ने आमजन से चम्बल नदी में कचरा एवं प्लास्टिक नहीं डालने, घड़ियालों के प्रजनन स्थलों से दूरी बनाए रखने तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करने की अपील की है।

इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक दिनेश जांगिड़, क्षेत्रीय वन अधिकारी पालीघाट किशन सांखला, परियोजना विशेषज्ञ जैलाब्दीन सहित वन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी

हिण्डौन सिटी, (निसं)। मुख्य डाकघर के पास स्थित पाताली हनुमान मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। शाम 5 बजे से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गोवर्धन पूजा के साथ शहर में अन्नकूट के आयोजन जारी हैं।मंदिर के महंत शैलेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि मंदिर परिसर में दो भट्टियों पर कढ़ी, बाजरा और मिश्रित सब्जियां तैयार की गईं। प्रसाद वितरण में महिलाएं, बालिकाएं और युवा जुटे रहे। शाम 4:30 बजे हनुमानजी, संतोषी माता, नरसिंहजी और शिवालय में अन्नकूट का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई। बडी संख्या में लोग प्रसाद लेने पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन किए।जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर अन्नकूट महोत्सव देर शाम तक चला।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और बालाजी महाराज के जयकारे लगाए। दोपहर 1 बजे महिला और पुरुषों ने शब्द कीर्तन किया। इसके बाद लंगर शुरू हुआ। संगत ने पंगत में बैठकर लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

समाज के लोगों ने लंगर तैयार करने में सहयोग किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बच्चों ने सिख संस्कृति से जुड़ी तस्वीरों में रंग भरकर अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक मंडल ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की घोषणा की।

मंत्री सजंय शर्मा ने अलवर के गुरुद्वारे में सेवा की

अलवर। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अलवर शहर के स्कीम नं. 2 स्थित गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा श्रद्धा और कीर्तन से गूंज रहा था। इसी पावन माहौल के बीच वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने दरबार साहिब में शीश नवाया, मत्था टेका और प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं अमन-चैन की कामना की।

इस दौरान मंत्री ने लंगर हॉल में जाकर सेवा की। प्रसादी बनाने में हाथ बंटाया। कुर्ता-पायजामा में, संगत के बीच बैठकर, सेवा करते हुए उन्होंने सेवा, समर्पण और समानता का वो संदेश दिया, जो गुरु नानक देव जी ने 550 साल पहले दुनिया को दिया था। मंत्री शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से मानवता, प्रेम आदि।

- **मत्था टेक कर मांगी प्रदेश में खुशहाली और अमन-चैन की दुआ, कहा - गुरु नानक का नाम जपो, किरत करो, वंड छको ही असली जीवन मंत्र है**

पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर जिले में निषेधाज्ञा लागू

सवाई माधोपु। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान एवं उपप्रधान पदों की निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट काना राम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 24 से 28 नवम्बर 2026 तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आमसभा, जुलूस एवं सभाओं के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं अधिकृत कार्मिकों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन, सेलुलर फोन एवं वायरलेस उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

- **जिला कलक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किए आदेश 24 से 28 नवम्बर तक प्रभावी रहेंगे प्रतिबंध**

निर्वाचन प्रक्रिया के पश्चात किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल, प्रत्याशी अथवा उनके समर्थकों द्वारा विजय जुलूस, समारोह, सभा एवं सामूहिक आयोजन भी प्रतिबंधित रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को आदेश की पालना सुनिश्चित कराने तथा आमजन को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

जरूरतमंदों को सामग्री दी

निवाई। आशारामजी गौशाला के तत्वावधान में झिलाय रोड़ पर स्थित कालाभाटा, पहाड़ी चुंगी नाका, राहोली रोड़ व हनौतिया के गांवों में सैंकड़ों जरूरतमंद परिवारों का भंडारा किया गया। भंडारे में लगभग पांच सौ लोगों को प्रसादी ग्रहण करवाई गई। इस दौरान उनकों कपड़े, बर्तन, जूते, चप्पल, गुड़, चीनी, चावल, तेल, दाल, खजूर, आटा, कंबल सहित अन्य जरूरतमन्द सामग्री के साथ दक्षिणा भी दी गई। गौशाला के गौसेवकों ने बताया कि अपने घर की आवश्यकता तो हर कोई पूरी करता है, लेकिन जो साधनों से रहित पड़ोसियों व गरीबों के घर की आवश्यकता को यथा सम्भव पूरा करता है, वही सच्चा सेवाभावी मनुष्य है।

कांग्रेस उम्मीदवार बोदन के लापता होने का मामला आया सामने

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र के गांव बिसदा निवासी एक व्यक्ति ने अपने पिता के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। लापता बुजुर्ग सरपंच का चुनाव होने के बाद वोट डालने गए थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव बिसदा निवासी राजवीर पुत्र बोदनसिंह जाटव ने सेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पिता बोदनसिंह ने जिला परिषद वार्ड संख्या 31 से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ा था। वे चुनाव जीत गए हैं। इसके बाद 16 नवंबर को सरपंच का चुनाव था, जिसमें उनके पिता वोट डालने के लिए घर से गए थे। वोट डालने के बाद से ही वे संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए। परिवादी राजवीर ने बताया कि परिजनों ने अपने स्तर पर सभी संभावित जगहों पर उनकी काफी तलाश की, लेकिन आज तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। बेटे ने रिपोर्ट में शक जताया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके पिता को जबरदस्ती उठाकर (अपहरण कर) ले गया है।

- **जिला परिषद के वार्ड नंबर 31 से विजयी उम्मीदवार बोदन सिंह लापता बताये जा रहे हैं**

देव दीपावली पर धूलेश्वर महादेव के 1111 दीपकों से की महाआरती



कालाडेरा कस्बे में धूलेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में देव दीपावली कार्यक्रम मनाया।

चौमूं / कालाडेरा। कालाडेरा कस्बे में स्थित धूलेश्वर महादेव मन्दिर मौनी बाबा आश्रम में मंगलवार शाम को देव दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मन्दिर प्रांगण में भव्य रोशनी के साथ विशेष सजावट की गई। शाम को 1111 दीपक के साथ धूलेश्वर महादेव की महाआरती की गई। आरती के बाद मन्दिर परिसर में दीपमाला सजाई गई। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर धूलेश्वर महादेव के जयकारे लगाए। गौरतलब है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य देव दीपावली बड़े हर्ष के साथ मनाई गई कस्बे के साथ ही चौमूं उपखण्ड में शहरवासियों व ठाामीणों ने अपनें घरों में दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली मनाई। इस अवसर पर आचार्य मुकेश शास्त्री, कालाडेरा नगर पालिका के वार्ड 15 के पार्षद कमलेश जांगिड़, धर्मेन्द्र जांगिड़, रेखांशु रावत, सुभाष जांगिड, रविन्द्र सहरिया, कानाराम कुमावत, शैलेन्द्र चौबे, दीपक शर्मा, प्रकाश कुमावत, शकर शर्मा सहित शहर वासि उपस्थित थे।

पीपल विवाह को लेकर निकली विशाल कलश यात्रा

निवाई। भरकुआं तालाब रोड पर स्थित भोमिया जी महाराज के मंदिर में बुधवार को आचार्य पंडित केदार नारायण शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पीपल विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पीपल विवाह को लेकर को मायला कुंड स्थित शिव मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कलश यात्रा बड़ा बाजार, बस स्टैंड एवं वेयरहाउस होते हुए भोमिया जी के मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूर्व पार्षद प्रहलाद सैनी ने बताया कि पीपल विवाह को लेकर भगवान लक्ष्मीनाथ की बारात मालियों के मोहल्ले में स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर से शाही लवाजमे के साथ रवाना होगी। बारात में आकर्षक बग्गी में भगवान लक्ष्मीनाथ जी विराजमान होंगे। बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भोमिया जी महाराज के मंदिर परिसर पहुंचेगी। जहां वधू पक्ष की ओर से बारात का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तोरण की रस्म अदा की ।

मंगलम सिटी पर नगर पालिका की सख्ती, बकाया विकास शुल्क जमा कराने का अंतिम नोटिस

मनोहरपुर। नगर पालिका मनोहरपुर ने मंगलवार को मंगलम सिटी को अंतिम नोटिस थमाते हुए बकाया विकास शुल्क एवं अन्य देय राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान टाउनशिप नीति-2024 के तहत स्वीकृत ले-आउट से जुड़े मामले में नगर पालिका ने डिमांड नोट की संपूर्ण बकाया राशि जमा कराने के साथ आवश्यक दस्तावेज भी निर्धारित समय में कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है। राशि जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रकरण के निस्तारण अथवा पट्टा जारी करने की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

- **तीन दिन में राशि व दस्तावेज जमा नहीं किए तो अटकेगा पट्टा/प्रकरण का निस्तारण**

नगर पालिका की ओर से 12 अगस्त 2026 को जारी पत्र में मंगलम बिल्ड के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता राजेश कुमार शर्मा को संबोधित करते हुए बताया गया कि पूर्व में वर्ष 2010 की टाउनशिप नीति के अनुसार डिमांड नोट जमा कराया गया था, जबकि वर्तमान ले-आउट राजस्थान टाउनशिप नीति-2024 के तहत अनुमोदित है। इसी के चलते संशोधित विकास शुल्क एवं अन्य देय राशि जमा कराने के लिए पूर्व में भी पत्र जारी किया गया था।

नगर पालिका के पत्र के अनुसार निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद संबंधित पक्ष की ओर से डिमांड नोट की संपूर्ण राशि जमा नहीं कराई गई। डिमांड में ट्रंक सीवर लाइन, ट्रंक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सहित अन्य मदों के शुल्क का उल्लेख किया गया है। साथ ही संबंधित प्रकरण से जुड़े आवश्यक पंजीकरण एवं दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए जाने की बात भी पत्र में कही गई है।

नगर पालिका ने अंतिम सूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि डिमांड नोट की संपूर्ण बकाया राशि तत्काल जमा कराई जाए तथा संबंधित दस्तावेज तीन दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएं। राशि जमा नहीं होने तक संबंधित पट्टे/प्रकरण का निस्तारण अथवा पट्टा जारी नहीं किया जाएगा। नगर पालिका ने अपने पूर्व पत्र 29 जुलाई 2026 का हवाला देते हुए बताया कि संबंधित पक्ष को बकाया डिमांड नोट की पूरी राशि जमा कराने के लिए पहले ही सूचित किया जा चुका था। इसके बावजूद निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं होने पर अब अंतिम सूचना जारी की गई है।

25 नवम्बर को मिलेगा पहला जिला प्रमुख

कोटपूतली,(निंस)। नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले की राजनीति में इन दिनों सियासी पारा सातवें आसमान पर है। पंचायत आम चुनाव 2026 के तहत अब पूरे जिले की निगाहें जिला परिषद की सबसे बड़ी कुर्सी यानी प्रथम जिला प्रमुख व उप जिला प्रमुख के निर्वाचन पर टिक गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार 25 नवंबर बुधवार को जिला प्रमुख व 26 नवंबर गुरुवार को उप जिला प्रमुख का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। चुनाव को लेकर स्थानीय पंचायत समिति परिसर अगले चार दिनों तक 'हॉट स्पॉट' बना रहेगा। प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कमर कस ली है और पूरे परिसर को छावनी में तब्दील करने की तैयारी कर ली है। सुबह 10 से शाम 05 बजे तक चलेगा चुनावी घमासानजिला प्रमुख व उप जिला प्रमुख दोनों ही पदों के लिए पूरी चुनावी प्रक्रिया राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 व राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत एक ही दिन में पूरी की जाएगी। इसको लेकर बैठक की शुरुआत प्रात: 10 बजे होगी। 11 बजे नामांकन दाखिल किये जायेगें, जिसमें इच्छुक उम्मीदवार जिला प्रमुख व उप प्रमुख पद के लिए अपने नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। जिसके पश्चात् प्रात: 11.30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा/प्रस्तुत किए गए सभी नामांकन पत्रों की गहन जांच की जाएगी। वहीं उम्मीदवार दोपहर 01 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

इसके तुरंत पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन कर अंतिम उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। यदि एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहते हैं।

शहर में पेयजल आपूर्ति के समय में बदलाव

निवाई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में सर्दी के मौसम को लेकर बुधवार से शहर के कुछ क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के समय में बदलाव किया गया है। सहायक अभियन्ता रामअवतार मीणा ने बताया कि सर्दी के मौसम को लेकर बुधवार से आगामी आदेश तक शहर के टेगोर नगर टंकी से होने वाली पेयजल आपूर्ति के समय में परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था के तहत गुर्जर मोहल्ला, काली का बाग, महावीर नगर, निर्माण नगर, मोदी धर्मशाला के पीछे, बसन्त कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, अर्जुन नगर, मानसिंह कॉलोनी व कीर कॉलोनी में प्रात: 6 से 7 बजे तक पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके पश्चात कृष्णा कॉलोनी, कीर कॉलोनी व मानसिंह कॉलोनी में प्रात: 7 से 8 बजे तक पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों के अतिरिक्त शहर की बाकी पेयजल आपूर्ति पूर्व की भांति यथावत् जारी रहेगी।

- **आज से लागू होगी नई व्यवस्था**

तुलसी शालीग्राम विवाह : श्री अवध बिहारी मंदिर से भव्य बारात ठाठबाट से निकली

कोटपूतली। कस्बा स्थित श्री अवध बिहारी जी मंदिर से भव्य बारात बड़े ही ठाठबाट एवं धूमधाम के साथ निकाली गई। बारात में भगवान श्री अवध बिहारी जी की आकर्षक झांकी के साथ श्रद्धालु बैंड-बाजों एवं भजनों की मधुर धुनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली बारात से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर बारात का स्वागत किया। आयोजन में नारायणपुर से पधारे महामंडलेष्वर जनार्दन दास महाराज, महामंडलेष्वर श्री श्री 1008 श्री बालेष्वरदास महाराज एवं लक्ष्मण दास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इसके पश्चात मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ तुलसी जी एवं श्री शालिग्राम जी का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं मंगल रस्मों के अनुसार संपन्न हुआ। विवाह समारोह में श्रद्धालुओं ने मंगल गीतों एवं भजनों के साथ उत्सव मनाया तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या पक्ष में राकेश खजांची ने तुलसी के पिता पक्ष के रूप मे कन्या दान किया एवं समस्त बारातिओं का स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर नरहरिदास महाराज, बजरंगदास महाराज, महंत जगदीशदास, महंत अशोकदास, महंत जयबिहारी शरण, महंत घनश्यामदास, महंत महावीरदास, महंत मनीरामदास, महंत कमलदास, मंहत निर्मलदास, महंत परशुरामदास, महंत रघुवीरदास, महंत कृष्णदास, महंत बिहारीदास, महंत श्यामनारायणदास, महंत रामावतार दास, महंत शंकरदास, महंत राजेंद्रदास, महंत महेंद्रदास, महंत गौरवदास सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन ने शहर की प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करते हुए श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का संदेश दिया।



कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली बारात से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया

- **बैंड-बाजों व भजनों की धून पर झूमे श्रद्धालु, संत-महात्माओं के सानिध्य में संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन**

आवेदनों के सत्यापन की अन्तिम तिथि 28 नवंबर को

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार स्नातकोत्तर में ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन की तिथि में वृद्धि की गई है। प्रवेश प्रभारी प्रो. अजय मीणा ने बताया कि प्रथम प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के लिए को आवेदन पत्र मय मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवाने एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा व 1 दिसंबर से महाविद्यालय में शिक्षण कार्य आरंभ होगा। डॉ. मीणा ने बताया कि श्रेणीवार रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। 6 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन, 07 दिसंबर को आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन, 8 दिसंबर को रिक्त स्थानों की प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, 11 दिसंबर को मूल दस्तावेजों का सत्यापन व ई-मित्र पोस्टिंग, 12 दिसंबर तक ई-मित्र पर शुल्क जमा होगी एवं 14 दिसंबर को प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

फायरिंग के मामले में दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। दोनों आरोपियों पर घोषित था 2-2 हजार रुपये का इनाम, फायरिंग में शामिल एक आरोपी पूर्व में हो चुका गिरफ्तार

भरतपुर,(निसं)। नदबई थाना पुलिस ने गांव बरवारा में जानलेवा फायरिंग के मामले में फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चन्द्रभान उर्फ छोटू पुत्र मोहन सिंह निवासी बरवारा तथा राजेश पुत्र सुरेश निवासी वनखंडी मंदिर, नदबई के रूप में हुई है।

दोनों आरोपियों पर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से 2-2 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आरोपियों से अवैध हथियारों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उच्चौन सुरेश कुमार एवं नदबई वृत्ताधिकारी भवानी सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अरुण चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 12 सितंबर 2026 को गांव बरवारा में झगड़े के दौरान फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को एक जिंदा कारतूस और एक खाली कारतूस मिला, जिन्हें जब्त किया गया। मामले में कोमल सिंह निवासी बरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बनै सिंह जाटव की दुकान पर सामान लेने गया था।

इसी दौरान चन्द्रभान उर्फ छोटू, दीपशिखर और दीपक पुजारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जान बचाकर भागने के दौरान चन्द्रभान ने उसे जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार से 2-3 फायर किए।

इस संबंध में नदबई थाने में प्रकरण संख्या 357/26 के तहत बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में दीपशिखर उर्फ लाला को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब चन्द्रभान उर्फ छोटू और राजेश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।